## खबर संक्षेप



यमुनानगर। जरुरतमंदो को हैप्पी कार्ड वितरित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

### जरुरतमंदो को मिल रहा है लाभः कांबोज

**रादौर।** भाजपा द्वारा रविवार को रादौर के बस स्टैंड के नजदीक हैप्पी कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरुरतमंद लाभपात्रों का हैप्पी कार्ड वितरित किए गए। मुख्यातिथि एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। जिन लोगों की फैमिली आईडी में आय एक लाख रूपये या इससे कम है। उनके भाजपा सरकार द्वारा रोडवेज में एक हजार किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को दिया जा रहा है।

### सब्जी लेने जा रहे युवक को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** जिले के गांव शादीपुर में रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक अन्य युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। थाना सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में जिला करनाल के कुंजपुरा निवासी दिलशाद ने बताया कि वह शादीपुर में मस्जिद के पास किराये के मकान में रहता है। वह प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। गत रात वह अपने कमरे से सब्जी लेने के लिए निकला था। जैसे ही वह शादीपुर में राजकीय स्कूल के पास पहुंचा तो वहां पर शादीपुर के पास जानू के साथ दो अन्य लोग खड़े थे। सभी ने उसे रोका और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। तभी जानू ने उसके सिर पर डंडा मारा। जिससे सिर से खून बहने लगा। इसके बाद भी आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीटा। जानू ने उसके घर जाकर उसकी मां को धमकी दी की अगर तुम लोगों ने कहीं पर शिकायत की तो उन्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों का नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के पोर्टल पर किराएदार करें आवेदनः सिन्हा

**20 साल से किराए पर रह रहे दुकानदार 16 से 30 जुलाई तक कर सकते हैं पोर्टल पर आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत 20 साल व इससे अधिक वर्षो तक काबिज दुकानदारों को मालिकाना हक देने के लिए सरकार ने दुकानदारों को एक मौका और दिया है। दुकानों पर अपना मालिकाना हक लेने किराएदारों के लिए सरकार 16 जुलाई से 30 जुलाई तक पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि 20 साल से काबिज दुकानदार दुकानों को अपने नाम कराने के लिए इन निर्धारित किए गए



15 दिनों में पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर 2021 तक जिन शहरी निकायों की दुकानों या मकान पर कब्जे के 20 साल पूरे हो गए थे। ऐसी संपत्ति के कब्जाधारी मालिकाना हक पाने के योग्य हैं। यह योजना 20 साल या इससे अधिक वर्ष के दुकान या मकान के किराएदार, लीजधारक व तहबजारी वालों के लिए है। मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत ऐसे किराए की दुकानों में व्यवसाय करने वाले दुकानदार दुकानों के मालिक बनने के लिए 16 जुलाई से 30 जुलाई तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल बंद होने के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

### निगम क्षेत्र में योजना के दायरे में हैं 1545 दुकानदार

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शहर की मीरा बाई मार्केट, वर्कशाप रोड, शिवाजी मार्केट, रामपुरा, इंदिरा मार्केट, जवाहर मार्केट, यमुनानगर अनाजमंडी व सब्जी मंडी कन्हैया चौक के नजदीक निगम की दुकानें हैं। मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के दायरे में 1545 दुकानदार आते हैं। इनमें से कुछ ने दुकानों पर अपना मालिकाना हक ले लिया है। जो पात्र रह गए हैं उन्हें संपत्ति पर अपना मालिकाना हक लेने के लिए पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद निगम की ओर से दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। उसके बाद अलाटमेंट हो जाएगी। दुकान व अन्य संपत्ति की रजिस्ट्री अपने नाम कराने के लिए कलेक्टर रेट में 20 से 50 फीसदी तक की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि दुकान या अन्य संपत्ति अपने नाम करवाने के लिए लाभपात्र को योग्यता संबंधित दस्तावेज, साइट प्लान, तल अनुसार निर्मित भवन प्लान स्वयं सत्यापित करके आवेदन के साथ देना होगा।

## संकाय सदस्यों का अर्जित कौशल बढ़ाएगा शिक्षा की गुणवत्ताः डॉ. शर्मा

**पांच दिवसीय संकाय कार्यक्रम का हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आईसीटी अकादमी के सहयोग से पॉवर बीआई विषय पर चल रहे पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन विशेषज्ञ आदित्य झा के निर्देशन में किया गया।संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के डेटा विश्लेषण कौशल को बढ़ाना और उन्हें पावर बीआई में नवीनतम उपकरणों और तकनीकों से लैस करना रहा। हमारे संकाय सदस्यों द्वारा अर्जित कौशल निस्संदेह हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएंगे और हमारे विद्यार्थियों को उद्योग की मांगों के



**रादौर।** यमुनानगर के जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए वक्ता व अतिथि। फोटो :हरिभूमि

लिए बेहतर ढंग से तैयार करेंगे। कंप्यूटर विभाग की प्रभारी मिस उपासना सूद ने कहा कि पावर बीआई पर एफडीपी एक अत्यधिक समृद्ध अनुभव था। व्यापक सत्रों और व्यावहारिक प्रशिक्षण ने डेटा विश्लेषणऔर विजअलाइजेशन के लिए पावर बीआई का उपयोग करने में हमारे आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया है। इस एफडीपी का सफल समापन अकादमिक उत्कृष्टता और उद्योग प्रासंगिकता की दिशा में जेएमआईईटीआई की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। कॉलेज कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके समर्थन और विशेषज्ञता के लिए आईसीटी अकादमी के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है।



यमुनानगर । वार्ड नंबर 16 में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान।

## ओबीसी वर्ग को भाजपा सरकार दे रही है पूरा मान सम्मानः चौहान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

भाजपा ओबीसी मोर्चा यमुनानगर के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन रविवार को वार्ड नंबर 16 में किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान मदन चौहान ने भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को महेंद्रगढ़ में 16 जुलाई को आयोजित होने वाले भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आहवान किया। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग को पूरा मानसम्मान दिया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि 16 जुलाई को महेन्द्रगढ़ में ओबीसी मोर्चे का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें भाजपा के कईं बड़े दिग्गज नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में यमुनानगर जिला से भी भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी मोर्चे के लिए जितना किया है इतना कभी किसी सरकार ने नहीं किया। दूसरी सरकार ने ओबीसी वर्ग की अनदेखी की है। निर्वतमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश में हर वर्ग का विकास हुआ है। सबसे अधिक ओबीसी वर्ग का विकास हुआ है। सरकार ने ओबीसी वर्ग को आगे ले जाने का काम किया है। इसको लेकर सरकार ने कईं बड़े फैसले भी लिए हैं। लेकिन कांग्रेस के राज में केवल जनता को गुमराह किया गया है। उन्होंने हमेशा ही ओबीसी वर्ग की अनदेखी की है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक करें पौधरोपणः घनश्याम

**वन विभाग ने गांव दडवा स्थित सत्य सांई स्कूल में आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम**

■ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पहुंचकर किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला वन विभाग द्वारा रविवार को गांव दड़वा स्थित सत्य सांई स्कूल में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। उन्होंने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। पेड़ लगाने के बाद उनकी देखभाल भी रखनी चाहिए। ताकि वह फलफूल सकें। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई पर भी रोक लगनी चाहिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि पेड़ पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। वहीं, वर्षा लाने में भी सहयोग करते हैं। जितनी ज्यादा संख्या में हम पेड़ लगाएंगे उतना ही समाज के हित में कार्य करेंगें। सभी प्रकार के फर्नीचर, मेज, कुर्सी व चारपाई पेड़ो की लकड़ी से ही बनाई जाती है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जामुन की लकड़ी अगर पानी की टंकी में हम रखते हैं तो पानी खराब नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें आक्सीजन तो देते ही हैं साथ ही उनसे बहुत सी औषधियां भी प्राप्त होती हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों से कई औषधियां कैंसर व शुगर तक की बीमारियों के उपचार में उपयोग की जाती है। मौके पर पौधारोपण अभियान के दौरान जामुन, अर्जुन, नीम, आम, आंवला, पीपल, बड़, हरसिंगार, अमरूद, शीशम, बेलपत्र,अमलताश, चांदनी, तिकोमा, कंरोदा आदि पौधों का पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि हमें अपने जीवन में सभी जनों को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को एक एक पौधा दिया। इस अवसर पर जो बच्चे स्कूल की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि हमें अपने जीवन में एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार हम पार्कों में जाते हैं तो बच्चे छोटे पेड़ों की कलियों को तोड़ देते हैं। जिससे पेड़ों के विकास पर अंकुश लगता है। इस तरह का कार्य न करें ताकि पेड़ों के विकास कार्यों में कोई बाधा न आए। मौके पर नगर निगम निवर्तमान मेयर मदन चौहान, जिला परिषद के सीईओ पंकज सेतिया, डीएफओ विरेन्द्र सिंह, आरएफओ संजीव कश्यप, सहयोगी गिरिश पुरी व डॉ. हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर** । गांव दड़वा में आयोजित पौधारोपण अभियान का पौधा लगाकर शुभारंभ करते सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।



### श्री लाल द्वारा मंदिर में 21 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**यमुनानगर।** श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी यमुनानगर की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री लाल द्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने की। जिसमें 21 जुलाई को मंदिर में मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर चर्चा कर इसे भव्य रूप देने की रणनीति बनाई गई। प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा व महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मंदिर में बड़ी धूमधाम से 21 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 9 से 10 बजे तक हवन यज्ञ होगा। जिसमें मुख्य यजमान शुभम चड्ढा एवं दीपाली चड्ढा होंगे। यज्ञ समाप्ति के बाद 10 बजे से 2 बजे तक मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन होगा। जिसमें कई प्रसिद्ध भजनिक तथा महिला एवं पुरुष कीर्तन मंडलियां अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगी। बाद में ब्रह्म भोज और फिर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव की सफलता को लेकर सेवकों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। मौके पर सुदर्शन ऐरी, केवल लूथरा, दविंदर मेहता, सोनू मेहता, नरेंद्र ओबेरॉय, मोनू मेहता, विजय शर्मा, सतपाल कश्यप, संदीप वधवा,प्रदीप चड्ढा,घनश्याम शर्मा, विक्की मेहता, राजेंद्र सोबती, गुलशन गुलाटी व मनोज कोछर आदि मौजूद रहे।

## शिविरों में 126 दिव्यांगजनों का किया पंजीकरण

■ जिला रेडक्रास समिति द्वारा व्योश्री योजना के अंतर्गत जिले में दिव्यांगजनों के पंजीकरण के लिए आयोजित किए गए पंजीकरण शिविरों का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला रैडक्रॉस समिति के तत्वावधान में भारत सरकार के उपक्रम, एलिम्को मोहाली के माध्यम से दिव्यांगजनों तथा व्योश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु जिले में 8 जुलाई से चलाए जा रहे पंजीकरण शिविरों का समापन हो गया। समापन शिविर का आयोजन पंचायत भवन यमुनानगर में किया गया। जिसमें में 126 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का पंजीकरण किया गया।



यमुनानगर के पंचायत भवन में पंजीकरण शिविर के समापन पर दिव्यांगजनों का पंजीकरण करते हुए कर्मचारी।

रैडक्रॉस समिति के सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि उपायुक्त एवं प्रधान के निर्देशानुसार जिले में हर दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, ट्राईसाइकिल, सुनने की मशीन, कृत्रिम अंग बैसाखी, छड़ी, बैल्ट व अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उदेश्य से उनकी जांच व माप शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समय समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। इन शिविरों के अन्तर्गत पंजीकरण हुए सभी पात्रा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को निकट भविष्य में उनके कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाऐंगे। मौके पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण ने बताया कि सभी दिव्यांगजनों व वृद्धजनों के बैठने व पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई थी सभी के दस्तावेज लेकर सफलतापूर्वक पंजीकरण करवाया गया है। ताकि कोई भी जरूरतमंद कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण से वंचित ना रह सके। उन्होंने बताया कि एलिम्को व रैडक्रॉस टीम के साथ-साथ स्माईल फाउंडेशन की ओर से संजीव मेहता, पर्यावरण मित्रा फाउंडेशन से चिराग सिंघल, अंशिका व इमरान आदि मौजूद रहे।

## किसान अपनी खरीफ फसलों का पोर्टल पर करवाएं पंजीकरणः कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने किसानों को किया आहवान

जिला में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के किसानों को आहवान किया है कि वह अपनी खरीफ की फसलों का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवा लें। ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि किसान कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। फसल बिक्री के समय सरकार द्वारा केवल पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही खरीद की जाएगी। ऐसे में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज करा उसका पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि किसान द्वारा पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी करवाया जाएगा। उन्होंने पंजीकरण के अन्य फायदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के पास सभी किसानों का ब्यौरा आ जाने के बाद उन्हें मंडी बुलाना आसान हो जाता है।

## पेड़ों के कटान से बिगड़ रहा है पर्यावरण का संतुलनः मेहता

■ मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप व स्वर्ण जयंती पार्क वेलफेयर सोसायाटी ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप व स्वर्ण जयंती पार्क वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को स्वर्ण जयंती पार्क मे पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने संयुक्त रुप से मिलकर पार्क में विभिन्न किस्म के सैंकड़ो पौधे लगाए। मोहयाल सभा के प्रधान सुरेंद्र मेहता छिब्बर व वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर उमेश प्रताप वत्स ने कहा कि हम सबको



**यमुनानगर।** स्वर्ण जयंती पार्क में पौधारोपण करते हुए मोहयाल सभा के सदस्य।

प्रधानमंत्री की अपील के बाद पौधे लगाने चाहिएं । उन्होंने कहा कि पौधारोपण का यह उचित समय है। इस समय में पौधा लगाना लाभदायक रहता है । उन्होंने कहा कि इंसान के जीवन में जन्म से लेकर अंतिम समय तक हमें पेड़ों की जरूरत रहती है। जितनी तेजी से पेड़ काट रहे हैं। उतनी तेजी से लगा नहीं रहे । जिसके चलते प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। इस अवसर पर मोहयाल सभा के महासचिव राजिंदर, उपाध्यक्ष बाली, जीएमएस के सदस्य सतपाल बाली, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वेद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश मेहता, संजय बाली, प्रदीप दत्ता, आशीष भीमवाल, पीआरओ अजीत मेहता, अजय मेहता भीमवल, गौरव मेहता आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** जगाधरी में आयोजित किया साप्ताहिक धार्मिक संत समागम

## भक्ति भावना संपूर्ण जीवन को करती है सुवासितः भारती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक सथित आश्रम में साप्ताहिक धार्मिक संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमे साध्वी मयंका भारती ने श्रद्धालुओं को भक्ति भावना के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया।साध्वी मयंका भारती ने फरमाया कि जो भक्ति हमें अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर उन्मुख करे। उसे ही गुरू भक्ति की संज्ञा दी जाती है। उन्होंने बताया कि भक्ति भावना हृदय की वह सुगंध है जो संपूर्ण जीवन को सुवासित करती है। लेकिन इस पवित्र भावना के





यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित संत कार्यक्रम में प्रवचन करती साध्वी मयंका भारती व श्रवण करते श्रद्धालु।

प्रादुर्भाव का उद्गम स्त्रोत क्या है ये बहुत महत्वपूर्ण है। साध्वी ने कहा कि यदि सुगंधित इत्र को कीचड़ में डाल दिया जाए तो वह व्यर्थ हो जाता है। इसी प्रकार भक्ति को भी उचित आधार प्रदान ना किया जाए तो वह भी दूषित हो जाती है। एक श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ गुरु जीवन में आते हैं तब हृदय में जो गुरू भक्ति प्रकट होती है। वह भक्ति का श्रेष्ठतम स्वरूप है। क्योंकि पूर्ण सद्गुरु परमात्मा की वह प्रकट चेतन शक्ति हैं जो हमारे जीवन में ब्रह्मा स्वरूप होकर ब्रह्मज्ञान के द्वारा परमात्मा को हमारे ही अंतर्घट में प्रकट करते हैं। विष्णु स्वरूप होकर निरंतर हमारा आध्यात्मिक पालन पोषण करते हैं । ताकि हमारा आध्यात्मिक उत्थान हो और हम मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। गुरू स्वयं ही शिव स्वरूप होकर हमारे अंतःकरण के विकारों को समूल विनष्ट करने वाले हैं। वे अपने साधक के निर्माण हेतु उसके जीवन में ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। जिनके द्वारा साधक के सम्पूर्ण जीवन का रूपांतरण होता है और वह अपने विकारों से मुक्त होकर दैवीय गुणों से संपन्न हो जाता है। गुरुदेव आशुतोष महाराज कहते हैं कि ब्रह्मज्ञान के बिना भक्ति केवल एक निष्प्राण शरीर की तरह है जिससे केवल अहंकार और दंभ की दुर्गंध आ सकती है परोपकार की सुगंध नहीं। क्योंकि गुरू भक्ति ही वास्तविकता में हमारे दिशा विहीन जीवन को दिशा प्रदान करती है। गुरू भक्ति वह कल्पवृक्ष है जो इसकी छाया में बैठता है। उसका योग क्षेम स्वयं परमात्मा वहन करते हैं। इसकी छाया तले बैठने वाले को ही उस दिव्य आनंद एवं शांति की अनुभूति होती है जो परम अलौकिक और शाश्वत है। गुरु भक्ति ही अखंड एवं सहज है। क्योंकि गुरू भक्ति ही मानव जीवन का वह अचूक सूत्र है। जिसके द्वारा वह अपनी हर समस्या का समाधान सहज ही प्राप्त कर सकता है। गुरू भक्ति कभी विचलित नहीं होती है।

## खबर संक्षेप



### पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एनएसएस स्वयंसेविको ने अपने जन्मदिन को मनाने की एक नई पहल शुरू की है। गत दिनो स्वयं सेवक रविकांत, हर्ष और सोनल ने अपने जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विश्वविद्यालय में पौधे रोपित किए। साथ ही अपने जन्मदिन की खुशी में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब बच्चों के साथ जन्मदिन का केक काटकर एवं उन्हें फल, मिठाई और पेय पदार्थ वितरित कर मनाया। सभी स्वयं सेवकों ने बताया कि इस प्रकार से जन्मदिन मानने से उन्हें बहुत खुशी हुई और ऐसे ही आगे अपने जन्मदिन को मनाते रहेंगे।

### कलाकार दे हरे नीतियों की जानकारी : नरेन्द्र

**थानेसर।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि विशेष प्रचार अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर जागरूक करते हुए अपडेट कर रहा है ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान व जनकल्याणकारी नीतियों से आमजन को जागरूक करने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग प्रचार अमला गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जानकारी प्रदान कर रहा है। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ के निदेर्शानुसार और उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा विशेष प्रचार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का एक शेड्यूल तैयार किया गया

# प्रदेश सरकार सरपंचों व पंचों की तर्ज पर दे सकती है नगर पार्षदों को तोहफा : सुधा

- नगर निगम, नगरपालिकाओं व नगरपरिषदों के पार्षदों, वाईस चेयरमैन व चेयरमैन की प्रदेश स्तरीय बैठक 25 जुलाई को हिसार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरंपचों व पंचों की तर्ज पर नगर पार्षदों को भी तोहफा दे सकती है। इन पार्षदों की मुख्य मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह के समक्ष रखा गया है। अब 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे हिसार में नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के पार्षदों, वाईस चेयरमैन, चेयरमैन के प्रदेश स्तरीय बैठक रखी गई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह पार्षदों को सौगात दे सकते है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा रविवार को सर्किट हाउस में कार्यकतार्ओं की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सैकड़ों लोगों की विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सभी नगर निकायों के पार्षदों की एक प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में नगर पार्षदों की मांगों और समस्याओं को रखा जाएगा और उन्हें पूरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सरपंचों और पंचों की तर्ज पर नगर पार्षदों को सौगात दे सकते है। प्रदेश सरकार ने सरपंचों को 21 लाख रुपए तक के विकास कार्य करवाने की अनुमति दी है। इससे सरपंच लोगों की इच्छा अनुसार गांवों का विकास करवा सकेंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायतों को कई अन्य अधिकार भी दिए है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों और राजस्व विभाग के अधिकारियों को राज्य सरकार के आदेशों की पालना करनी होगी। अगर किसी भी स्तर पर नगर निकायों और तहसील कार्यालयों में अधिकारियों ने लोगों को बेवजह तंग किया और रजिस्ट्री और अन्य कार्यों के लिए चक्कर लगवाए तो सम्बन्धित अधिकारी को शिकायत मिलने के बाद बख्शा नहीं जाएगा। वे स्वयं राजस्व और नगर निकायों के अधिकारियों की कार्यशैली पर नजर रखें हुए है। अब तक 15 से ज्यादा लापरवाह अधिकारियों को सस्पेंड किया जा चुका है और इतने ही अधिकारियों की शिकायत लंबित भी है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महेंद्रगढ़ में पिछड़ा वर्ग की विशाल सभा को सम्बोधित करने के लिए आ रहे है।


कुरुक्षेत्र। बातचीत करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### पुराने शहर में फिलहाल माफ किया विकास शुल्क

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित को जहन में रखकर अनेकों फैसले लिए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह लगातार लोगों की सुविधाओं को लेकर नीतियों का सरलीकरण कर रहे है ताकि लोगों का जीवन सहज हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक गारबेज चार्ज को माफ कर दिया गया है, पुराने शहर में रजिस्ट्री करवाने के लिए फिलहाल लोगों को विकास शुल्क (डेवलपमेंट चार्ज)नहीं देना होगा और सरकार ने हाउस टैक्स पर भी 15 प्रतिशत की छूट देने का काम किया है। उनका भी पूरे प्रदेश में निःशुल्क सफाई व्यवस्था के प्रबंध किए जाएंगे। इतना ही नहीं एक एकड़ कृषि योग्य भूमि और 1 हजार गज से ज्यादा की जमीन की रजिस्ट्री पर एनडीसी लेने की शर्तों को हटा लिया गया है।

### अपराधियों को अब प्रदेश की सीमाओं से बाहर जाना होगा : सुधा

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए सभी अपराधी प्रदेश की सीमाओं से बाहर जाना होगा। जो भी व्यक्ति कानून व्यवस्था को खराब करने का काम करेगा उसे पुलिस की सख्त कार्रवाई का सामना करना होगा।

### ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप में बोले स्वास्थ्य मंत्री

# बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कटिबद्ध

**मंदिर में आयोजित नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैंप में 570 की हुई जांच**

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र/शाहबाद।

रविवार को मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल की ओर से ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर में निःशुल्क विशाल मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता, राज्यमंत्री सुभाष सुधा, आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एच.एस. गिल, पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी और आदेश के एम.डी. डा. गुणतास गिल और मंदिर सभा के प्रधान ऋषि राज गंभीर ने फीता काटकर की।

डा. कमल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है और आयुष्मान कार्ड धारक निजि अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने निःशुल्क कैंप के आयोजन के लिए आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिलऔर मंदिर सभा के प्रधान ऋषि राज गंभीर की सराहना की।

आदेश के एम.डी. डा. गुणतास गिल ने बताया कि इस शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों ने हड्डी रोग, चमड़ी रोग, आंखों के रोग, कान, नाक व गला रोग, शिशु रोग, दंत रोग व अन्य रोगों के 570 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई हैं। इसके अलावा ई.सी.जी., बी.पी. व शुगर की जांच भी फ्री की गई है। स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता और चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने कैंप का निरीक्षण किया और सभी चिकित्सकों को प्रोत्साहित भी किया। डा. गिल ने कहा कि ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर की प्रबंधक कमेटी के सहयोग से इसी धर्मशाला में हर माह के दूसरे रविवार को मैडिकल कैंप का आयोजन होता रहेगा। मंदिर सभा के प्रधान ऋषि राज गंभीर, सचिव सुनील भसीन ने मंदिर सभा की ओर से आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये और कैंप के आयोजन के लिए चिकित्सकों को भी साधुवाद दिया। डा. गुणतास गिल ने कहा कि आदेश अस्पताल का यही लक्ष्य है कि अस्पताल में आने वाले रोगियों को एक ही छत के नीचे पीजीआई स्तर की उपचार सुविधाएं दी जाएं ताकि लोगों को गंभीर बीमारी के उपचार के लिए भी कहीं भटकना न पड़े।


कुरुक्षेत्र/शाहबाद। नि :शुल्क मेगा कैंप मैडिकल कैंप की शुरूआत करते स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता एवं चेयरमेन डा.एच.एस.गिल। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डा. गुणतास सिंह गिल, सुनील भसीन, एडवोकेट सुरेन्द्र टिवाना, पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला, मुलख राज गुंबर, मदन गंभीर, डा. ओमप्रकाश कालड़ा, रमेश डंग, जरनैल सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 11 से जिला स्तर पर करेंगे विरोध प्रदर्शन : दिनेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ हरियाणा की महत्वपूर्ण बैठक गुरु रविदास धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान डॉ दिनेश नम्बिडिया ने की और मंच संचालन और मंच संचालन राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने किया। बैठक के प्रारंभिक चरण में राज्य कार्यकारिणी के पदों को औपचारिक रूप से घोषित कर सदन की मंजूरी से घोषित किया गया और नवनियुक्त कार्यकारिणी को सदन में पद व गोपनीयता की शपथ दिलवा अभिवादन किया गया। बैठक में राज्य के सभी जिलों के जिला प्रधान महासचिव, कोषाध्यक्ष व राज्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। तदोपरांत द्वितीय चरण में राज्य अध्यक्ष डॉ दिनेश निंबड़िया के द्वारा सभी जिलों के प्रतिनिधियों से संगठन के मुख्य मांगों और उनके आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने बताया कि वर्ष 2016 से लेकर अब तक सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को दिया जाने वाला प्रोत्साहन राशि बच्चों तक नहीं पहुंच रही है। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ बल्किुल स्पष्ट करता है कि यदि इन मांगों को जल्दी नहीं पूरा किया गया तो 11 अगस्त से जिला स्तरीय प्रदर्शन और उसके तुरंत बाद राज्यस्तरीय आंदोलन करेगा। इस मौके पर राज्य कोषाध्यक्ष राजेश पेटवाड़, वरष्ठि उप प्रधान सूरत सिंह, राज्य सरक्षक नरेश कुमार, राज्य संयोजक दलबीर राठी, राज्य संगठनसचिव नीरज भुक्कल, राज्य ऑडिटर होशियार सिंह, राज्य प्रेस सचिव नरेश फूले, राज्य प्रचार सचिव रमेश रंगा,रमेश थाना, व सभी जिलों से आए प्रधान व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीडी शर्मा ने नगर खेड़े पर की मानव कल्याण और सुख समृद्धि की कामना


कुरुक्षेत्र। प्रोफेसर कॉलोनी में नगर खेड़े पर पूजा अर्चना करते डीडी शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जय भगवान शर्मा डीडी के प्रणाम थानेसर, निर्माण थानेसर अभियान के तहत आयोजित जन जागरण सभा शांति एंक्लेव झांसा रोड पर हुई जहां लोगों ने डीडी शर्मा को पगड़ी पहनाई, शॉल ओढाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुकी है, यहां सीएम नायब सैनी के सबसे करीबी सरकार में राज्यमंत्री सुभाष सुधा विधायक हैं। 2019 में बीजेपी के सुभाष सुधा और कांग्रेस के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा में आमने सामने का मुकाबला था। 2014 में सबसे पहले बीजेपी का दामन थामने वाले जय भगवान शर्मा को उस वक्त पार्टी ने पिहोवा से चुनाव लडाया था परंतु इस बार डीडी शर्मा के समर्थक और स्थानीय लोग उन पर थानेसर से चुनाव लड़ने का दवाब बना रहे हैं। रविवार को जन आशीर्वाद यात्रा शांति एनक्लेव पहुंची जहा भव्य जागरण सभा आयोजित हुई जिसमे भारी जन सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम का आयोजन माई चंद सैनी, जयपाल सैनी, राकेश सैनी ने किया।

## गौ सेवा को समर्पित प्रभात फेरियों का सिलसिला जारी


पिहोवा। बेरी परिवार को ठाकुर जी का स्वरूप भेंट करते गणमान्य व्यक्ति।

**पिहोवा।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष होने वाली प्रभातफेरियों की श्रृंखला में गौसेवा को समर्पित रविवार की प्रभातफेरी रवि बेरी परिवार के सौजन्य से गांव अरुणाए मे आयोजित की गई। नरेश शर्मा ने गणेश वंदना से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। तत्पश्चात जगदीश तनेजा ने महामंत्र, सुरेश वर्मा ने मां सरस्वती वन्दना, सागर कश्यप ने राधानाम , राजिंदर शर्मा द्वारा गुरु वन्दना, जितेन्द्र वर्मा, विक्की वोहरा, राधेश पुन्ज, रजनी बेरी, इशाना, ने अपने भजनों से वातावरण को भाव विभोर कर दिया। देव पूर्णिमा ने बताया कि प्रभातफेरी मे विशेष रुप से लुधियाना से आये राधा नाम संकीर्तन मन्डल ने राधा नाम धुन से समय बांधे रखा।

## कांग्रेस पार्टी जो वायदा करती है उसको पूरा भी करती है : निर्मल


शाहबाद। कांग्रेस नेता निर्मल सिंह का स्वागत करते कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हल्का शाहाबाद में लाडवा रोड पर स्थित एक निजी पैलेस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार निर्मल सिंह मोहडा पहुंचे। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम हिंगाखेड़ी ने किया। प्रेम हिंगा खेड़ी ने फूल माला डालकर निर्मल सिंह का स्वागत किया। लोकसभा की हरियाणा में 10 में से पांच सीटें कांग्रेस के हक में आने के बाद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं में काफी जोश नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था लेकिन नौकरी के नाम से रोजगार बिल्कुल ना के बराबर है। निर्मल सिंह के इलावा कहानी स्थानीय नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें। हल्का के विधायक रामकरण काला के बेटे कंवरपाल जोकि जजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं ने भी संबोधित किया। महिला कांग्रेस की शहरी प्रधान नीलम साहनी ने भी कार्य कर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रेम हिंगा खेड़ी ने आए हुए सभी हलके के सरपंचों जिला परिषद के मेंबर और ब्लॉक समिति के मेंबरों के अलावा सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

# श्रीचंडी यज्ञ बहुत प्रभावशाली शक्तिशाली व जीवित प्रक्रिया

- माँ भद्रकाली मंदिर में 8 दिन से चल रहे श्रीचंडी यज्ञ सम्पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ माँ भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में गुप्त नवरात्रि की श्रीदुर्गाष्ठमी पर पिछले 8 दिन से चल रहे श्रीचंडी यज्ञ सम्पूर्ण हो गया। गौरतलब है कि भद्रकाली शक्तिपीठ में 6 जुलाई से 15 जुलाई तक दस महाविद्याओं को समर्पित गुप्त नवरात्रि मनाए जा रहे हैं और इनके निमित्त ही इस हवन का आयोजन किया गया था। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि श्री चंडी महायज्ञ के साथ-साथ श्रीदुर्गा सप्तशती व श्रीदुर्गा कवच का पाठ भी मंदिर में किया गया। यह हवन यज्ञ करने वाले 51 ब्राह्मण भारत के विभिन्न राज्यों से पधारें थे। भगवान श्रीराम ने भी चंडी पाठ देवी स्तुति के रूप में किया था। इस अष्ट दिवसीय हवन में सभी देवी-देवताओं का आह्वान कर पवित्र अग्नि में सामग्री जैसे जौ, नारियल, गुग्गुल, मखाना, काजू, किसमिस, छुहारा, मूंगफली, बेलपत्र, शहद, घी, सुगंध, अक्षत, शहद, घी, काष्ठ इत्यादि पदार्थों की आहुति दी गई। पीठाध्यक्ष ने बताया कि हवन हमारे सनातन धर्म द्वारा दिया गया ऐसा धार्मिक क्रियाकलाप है, जिसका सिर्फ आध्यात्मिक महत्त्व ही नही, अपितु चिकित्सीय व प्राकृतिक लाभ भी है। इसलिए हवन को सिर्फ धर्म से ही ना जोड़े, ये समस्त मानव जाति के लिए हितकारी है।



### श्रीअग्रवाल सभा ने संस्थाओं के साथ मिलकर लगाए 120 पौधे

**लाडवा।** शहर की सामाजिक संस्था श्रीअग्रवाल सभा ने शहर की अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विशाल पौधारोपण समारोह का आयोजन किया। सभा के महासचिव विकास सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा द्वारा संचालित नवनर्मिति लाला जमना दास अग्रवाल पार्क में शहर की अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विशाल पौधारोपण समारोह का दुर्गेश गोयल ने कहा कि पार्क में पौधारोपण के पहले चरण में सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रकार के 120 पौधे लगाए। इसके बाद अगले चरणों में कुल 400 पौधे पार्क में लगाए जाएंगे। इस अवसर पर महिला इकाई की प्रधान उषा गोयल, युवा इकाई के प्रधान नीरज गोयल, रोटरी क्लब के प्रधान नरेश गर्ग, रोट्रैक्ट क्लब के प्रधान इशांत गर्ग, इनरव्हील क्लब की प्रधान शैवी गर्ग, भारत विकास परिषद् के प्रधान नवनीत सिंघल, पंजाबी सभा के प्रधान राकेश खुराना, भारतीय योग संस्थान के प्रधान नरेश व्यास सहित सभी संस्थाओं के अन्य सदस्य व समाज के लोग उपस्थित थे।


## न्यूज डायरी

### डॉ. कमल गुप्ता ने संदीप सिंह की माता के निधन पर जताया शोक



**शाहबाद।** हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता ने पूर्व मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह की माता दलजीत कौर के निधन पर शोक व्यक्त किया है और परिवार के सदस्यों के साथ दुख सांझा किया। स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता व पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह के शाहबाद निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने समाजसेवी गुरचरण सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह, लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुख सांझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है।

### कश्यप राजपूत सभा के प्रधान बने एडवोकेट राजबीर सिंह



**कुरुक्षेत्र।** कश्यप राजपूत सभा का सर्व सहमति से तीसरी बार प्रधान चुना गया है। कश्यप राजपूत सभा का वकील राजबीर कश्यप को प्रधान सर्व सहमति से बनाया गया है। इससे पहले दो बार कश्यप राजपूत सभा का सर्व सहमति से ओमपाल को प्रधान बनाया गया था। अब तीसरी बार सर्व सहमति से समाज के लोगों ने अपना प्रधान चुना है। कश्यप राजपूत सभा के नवनियुक्त प्रधान वकील राजबीर कश्यप व उनके पूरे पैनल का आज कश्यप राजपूत धर्मशाला कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा लाडवा के नेब तहसीलदार बलकार सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था।

### शिविर में हाथ व पैरों में झनझनाहट के कारण, लक्षण व उपचार की दी जानकारी

# डीआर जैन हॉस्पिटल के सौजन्य से गांव मिजापुर में लगाया शिविर

- डॉ हिमांशु जैन ने हाथ पैरों कि झनझनाहट से बचाव के उपाय बताए
- डाइट में संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से जनरल धर्मशाला गांव मिजार्पुर कुरुक्षेत्र में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। डॉ हिमांशु जैन ने हाथ व पैरों में झनझनाहट के कारण, लक्षण व उपचार पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में विटामिन की कमी, नसों में दबाव का आना, एक ही अवस्था में बैठना, रक्त संचार की कमी का हो जाना, टाइपिंग, कई बार गर्भवती महिलाओं के पैरों में भी झनझनाहट महसूस होती है ऐसा उन महिलाओं के साथ होता है जिनके पैर के तलवे सपाट होते है, हाथ, पैर, कलाई और शरीर में झनझनाहट होने के कई और कारण भी हैं जैसे-शराब का अधिक सेवन करना, झटके से उठना बैठना, विषाक्त पदार्थों का सेवन करना, और हाइपोथायरायडिज्म आदि। शरीर में इस तरह के कारणों से किडनी सम्बंधित बीमारी ,मधुमेह (डायबिटीज ), गठिया,कार्पल टनल सिंड्रोम आदि रोग होने कि संभावना बनी रहती है। डॉ हिमांशु जैन ने हाथ पैरों कि झनझनाहट से बचने के लिए उपाय बताते हुए कहा कि आप अपनी डाइट में बदलाव करके भी इस समस्या को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आप विटामिन बी1, विटामिन बी6, विटामिन बी12, विटामिन बी3, विटामिन ई आदि की कमी को अपने शरीर में ना होने दें। इसके अलावा संतुलित आहार, संतरा, फल, सलाद, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, नट्स, चावल, शामिल करना चाहिए।दूध में हल्दी डालकर पीये, हाथ पैरों कि मालिश, व्यायाम, एरोबिक्स, ध्यान, योग तथा प्राणायाम करने से शरीर में रक्त का संचार बेहतर होता है। गर्म पानी में सेंधा नमक डाल कर सेक करें। लेकिन अगर यह झनझनाहट गंभीर रूप ले ले और आपको लक्षण के तौर पर बेहोशी, हाथ, पैर, उंगली, गर्दन में दर्द, ज्यादा सुन्न होना, शरीर पर रैशेज, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, बॉडी में कमजोरी, हिलने डुलने में परेशानी, बोलने में असुविधा, देखने में परेशानी, चलने में परेशानी आदि दिखने लगे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### 144 रोगियों का किया चेकअप

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 1933वें निशुल्क कैंप में 114 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच सुशील कुमार ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ संजय शर्मा एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ शालू एम.ओ. का पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित करते हुए कहा कि गाँव के लोगों को अपनी हेल्थ के प्रति जागरूक करना व उनको निशुल्क सेवाएं देने पर डॉ हिमांशु जैन व उनकी टीम का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र सिंह पंच, ओम प्रकाश पंच, वकील विवेक नड़यिान, डॉ रणधीर, डॉ बलदेव सिंह,अंजू, पिंकी, प्रवीण, प्रशांत, विकास, अजय, मनीष, सौरभ, कुलदीप का सराहनीय योगदान रहा।

